India (RBI) the total capital of the 1969 was Rs. 28.44 crores. Bank-wise 14 banks which were nationalised in details are given below:—■

(Rs. in crores)

1. Bank of India	4.05
2. Punjab National Bank	2.00
3. Bank of Baroda	2.05
4. Central Bank of India	4.75
5. Canara Bank	1.75
6. UCO Bank	2.80
7. Syndicate Bank	1.42
8. Indian Bank	0.89
9. Indian Overseas Bank	1.00
10. Union Bank of India	1.25
11. Allahabad Bank	1.05
12. United Bank of India	2.69
13. Bank of Maharashtra	1.49
14. Dena Bank	1.25

(b) The total capital of the six banks which were nationalised in 1980 was Rs. 5.05 crores.

(c) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

सांसदों द्वारा दिया गया आयकर

433. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ऐसे कितने संसद सदस्य हैं जो एक लाख रुपये से अधिक के आयकर का भुगतान करते हैं; और

(ख) सबसे अधिक आयकर का भुगतान करने वाले दस संसद सदस्यों के नाम क्या हैं और उनके द्वारा भुगतान की गई राशि का विवरण क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम.वी. चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) और (ख) आवश्यक सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पट पर रख दी जाएगी।

राज्यों द्वारा ओवर ड्राफ्ट लिया जाना

434. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन राज्य ने कितने कितने रुपये का ओवर ड्राफ्ट लिया है;

(ख) क्या ओवर ड्राफ्ट लेने की कोई सीमा निर्धारित की गई है और इस संबंध में क्या सीमा तय की गई है; और

(ग) क्या सरकार ने ओवर ड्राफ्ट के रूप में ली गई रकम को अदा करने के बारे में कोई नीति बनाई है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) भारतीय रिजर्व बैंक में राज्यों के अपने खातों में ओवरड्राफ्टों तारीख विशेष से संबंधित होते है और प्रतिदिन बदलते रहते हैं। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान निम्नलिखित राज्यों ने अभी तक भारतीय रिजर्व बैंक में अपने-अपने खातों में ओवरड्राफ्ट लिया है (जम्मू-कश्मीर और सिक्किम द्वारा भारतीय रिजव बैंक के साथ लैन देन नहीं किया जाता) :–

1. असम
2. बिहार
3. गोवा
4. गुजरात
5. हरियाणा
6. हिमाचल प्रदेश
7. कर्नाटक
8. केरल
9. मध्य प्रदेश
10. मणिपुर
11. मेघालय
12. मिजोरम
13. नागालैण्ड
14. उड़ीसा
15. तमिलाडु
16. त्रिपुरा
17. पश्चिम बंगाल

भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त सूचना के अनुसार 1.12.1993 को भी राज्य ओवरड्राफ्ट में नहीं था।

(ख) किसी राज्य द्वारा प्राप्त किए जाने वाले ओवरड्राफ्ट की राशि के संबंध में कोई सीमा नहीं है। तथापि, ओवरड्राफ्ट विनियन अधिनियम के अनुसार कोई राज्य 10 लगातार कार्य दिवसों तक ओवरड्राफ्ट में रह सकता है (31-10-1993 तक यह सीमा लगातार कार्य दिवसों की थी)

(ग) यह मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि व अपने-अपने ओवरड्राफ्ट को पूरा करें। तथापि, जब कोई राज्य भारतीय रिजर्व बैंक बैंक में अपने खाते में ओवरड्राफ्ट की स्थिति में रहता है तो वित्त मंत्रालय केन्द्र के संसाधनों की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए उस राज्य की हकदारियों को अग्रिम रूप से जारी करके उसे अपने ओवरड्राफ्ट को पूरा करने में सहायता प्रदान करने का प्रयास करता है। इस सहायता के बावजूद भी यदि कोई राज्य भारतीय रिजर्व बैंक में अपने खाते में लगातार 10 कार्य दिवस से अधिक अवधि तक ओवरड्राफ्ट की स्थिति में रहता है तो भारतीय रिजर्व बैंक, ओवरड्राफ्ट विनियमन योजना के अनुसार उस राज्य की ओर से भुगतान बंद कर देता है।

ग्रामीण बैंकों के कार्यकरण

435. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करें कि :

(क) क्या सरकार ग्रामीण बैंकों के कार्यकरण में सुधार करने का विचार रखती है ;

(ख) क्या सरकार ग्रामीण बैंकों को उनके जिले के प्रमुख बैंकों के साथ विलय करने का भी विचार कर रही है ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इसे कब तक कार्यान्वित किया जायेगा ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद) : (क) से (ग) सरकार ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आर आर.बी.) के पुनर्गठन के लिये परामर्श की प्रक्रिया शुरू की है। भारतीय राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक (एन.आर.बी.आई.) की स्थापना के प्रस्ताव सहित कई